हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, बुधवार 6 अगस्त 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

13 खेल मेला मैदान में होगा स्वतंत्रता दिवस का गरिमामय...



14 जिले में उद्योग और व्यापार की अपार संभावनाएं : अबिनाश



काम्पटेक महाविद्यालय
First AICTE Approved College
संबद्धता-उच्च शिक्षा छ.ग. शासन एवं पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि.
B.Sc
BCA
B.Com
PGDCA
DCA
सीमित सीटें
सेमेस्टर सिस्टम
ST, SC, OBC 100% UPTO SCHOLARSHIP BASE ADMISSION
आज ही संपर्क करें प्रात: 10 से 2 बजे
अंबेडकर चौक, सोरिद पुल के पास सोरिद नगर धमतरी, मो. 9425503082

### स्कूल खुलने के दो माह बाद साढ़े चार हजार से ज्यादा छात्राओं को नहीं मिली सरस्वती साइकिल

# घर से स्कूल तक रोजाना पैदल सड़क नापती हैं छात्राएं

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

फंड नहीं मिलने के कारण जिले की साढ़े चार हजार से ज्यादा छात्राएं सरस्वती साइकिल से वंचित हैं। इनमें से अधिकांश छात्राओं को लंबी दूरी कर स्कूल जाना पड़ रहा है। सुविधा के अभाव में छात्राएं रेगुलर स्कूल नहीं जा पा रही हैं। योजना में लेटलतीफी को देखते हुए अब छात्राएं घर परिवार में अपने लिए साइकिल लेने के लिए प्रेशर डाल रही हैं।

सरस्वती साइकिल योजना छात्राओं की शिक्षा के लिए वरदान साबित हुई है। सुविधाओं के अभाव में पहले छात्राएं स्कूल नहीं जा पाती थीं। सरस्वती साइकिल योजना शुरू होने से उन्हें स्कूल तक पहुंचने के लिए साधन मिल गया। विडंबना यह है कि अब इस योजना की रफ्तार काफी धीमी हो चुकी है। स्कूल खुले डेढ़ माह हो चुके हैं, लेकिन अब तक सरस्वती साइकिल योजना के तहत साइकिल का वितरण नहीं किया गया है। जानकारी के अनुसार इस योजना के तहत आठवीं कक्षा पास होकर नवमी कक्षा में जाने वाली एसटी, एससी, ओबीसी (बीपीएल) और कमार परिवार की छात्राओं को स्कूल आने के लिए साइकिल दी जाती है। जिले में 4 हजार 779 छात्राएं इस श्रेणी में आती हैं, उन्हें साइकिल प्रदान की जानी है। शिक्षा विभाग द्वारा इसकी जानकारी उच्चाधिकारियों को दी जा चुकी है, लेकिन अब तक साइकिल की खरीदी नहीं हो पाई है, जिसके चलते इन छात्राओं को साइकिल नहीं दी गई है।

#### रिवर्स मोड में योजना

सरस्वती साइकिल योजना वर्ष 2004-05 में शुरू हुई। इस योजना के शुरूआती दौर में शासन की ओर से छात्राओं को साइकिल खरीदकर दी जाती थी। कुछ लोगों ने साइकिल की गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़ा किया, तो शासन ने साइकिल की बजाय छात्राओं के बैंक अकाउंट में साइकिल खरीदी के लिए राशि डालना शुरू कर दिया। इसका साइड इफेक्ट यह हुआ कि कई पालकों ने इस राशि का दुरूपयोग करना शुरू कर दिया। साइकिल खरीदी की बजाय इस राशि का इस्तेमाल घर खर्च में कर दिया। स्थिति को देखते हुए शासन ने फिर से छात्राओं को साइकिल देना शुरू कर दिया है।



फाइल फोटो

#### नहीं हुई है खरीदी

सरस्वती योजना के तहत साइकिल की खरीदी जैम पोर्टल छत्तीसगढ़ के माध्यम से की जानी है। इस पोर्टल में पंजीकृत फर्म से ही साइकिल की खरीदी की जा सकेगी। इसके लिए बकायदा टेंडर निकाला जाएगा। जिस पंजीकृत फर्म का रेट कम होगा , उसी से साइकिल की खरीदी की जाएगी। जानकारी के अनुसार धमतरी जिले में ही करीब 2 सौ करोड़ रुपए की साइकिल खरीदी जानी है। विडंबना यह है कि अब तक साइकिलों की खरीदी नहीं की गई है।

## खबर संक्षेप

### धीवर समाज की धार्मिक यात्रा आज

**धमतरी।** धीवर समाज द्वारा प्रत्येक वर्ष सावन के महीने में भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिए धार्मिक यात्रा का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में आज प्रातः 8 बजे शीतला माता मंदिर महिमासागर वार्ड से धार्मिक यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा में नगरी के श्री कोटेश्वर महादेव, गरियाबंद के श्री भूतेश्वर महादेव एवं उड़ीसा बॉर्डर पतोरा बांध के पास स्थित श्री योगेश्वर महादेव का दर्शन लाभ प्राप्त करेंगे। धीवर समाज के महासंरक्षक परमेश्वर फूटान, अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद जगबेड़हा ने कहा कि इस यात्रा के लिए धीवर समाज द्वारा तीन बस की व्यवस्था की गई है।

### पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक 8 को

**धमतरी।** छग पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक 8 अगस्त को दोपहर 2 बजे कर्मचारी भवन (तहसील कार्यालय के पास) धमतरी में आयोजित है। बैठक में नये सदस्यों का स्वागत, संघ के सदस्यों का जन्मदिन, संगठनात्मक विषयों एवं जिला शाखा के चुनाव आदि पर चर्चा की जायेगी। संघ के सदस्यों से उपस्थिति की अपील कृपाशंकर मिश्रा, राजेन्द्र चन्द्राकर, राजकुमार मिश्रा, कृष्णाराम साहू, होलाराम परिहा, यशकरणसिंह गजेन्द्र, गणेश राव पवार, बलवंतराव पवार, लालाराम मगेन्द्र, डॉ. भारती राव, एसआर नेले एवं हनुमान सिंह वर्मा ने की है। यह जानकारी सचिव अरूण कुमार गौर ने दी है।

### रक्तदान शिविर 24 को

**धमतरी।** प्रजापिता ब्रम्हाकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में संस्थान की मुख्य प्रशासिका दादी प्रकाशमणि की 18 पुण्यतिथि पर सिविल लाइंस दिव्यधाम में 24 अगस्त को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। सेवा केंद्र की संचालिका सरिता बहन ने नगर के विभिन्न समाज के प्रमुखजनों एवं सेवाभावी संस्थान से उनके विचार और सुझाव आमंत्रित किए। बैठक में विभिन्न समाज के पदाधिकारी मौजूद रहे। आभार व्यक्त प्राजक्ता बहन ने किया। कार्यक्रम का संचालन कामिनी कौशिक ने किया।

### साहू समाज का तीज महोत्सव 22 को

**धमतरी।** जिला साहू संघ धमतरी के तत्वावधान में इस वर्ष तीज महोत्सव 22 अगस्त शुक्रवार को पुराना मंडी प्रांगण धमतरी में प्रातः 11 बजे आयोजित किया जाएगा। जिलाध्यक्ष अवनेन्द्र साहू ने जानकारी दी कि साहू समाज द्वारा यह आयोजन हर वर्ष बड़े उत्साह, उमंग और सामाजिक एकजुटता के साथ संपन्न होता है। जिले के साहू समाज की माताएं-बहनें बड़ी संख्या में भाग लेंगी और अपनी पारंपरिक वेशभूषा हरे रंग की साड़ी में उत्सव की शोभा बढ़ाएंगी। कार्यक्रम में सामूहिक एवं एकल नृत्य, प्रहसन (छत्तीसगढ़ी नाट्य प्रस्तुति), सांस्कृतिक उद्बोधन जैसे विविध आयोजन होंगे, जो महिलाओं में छिपी रचनात्मक प्रतिभा, नेतृत्व क्षमता और छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक मूल्यों को मंच प्रदान करेंगे। आयोजन की तैयारी में जिला उपाध्यक्ष केकती साहू, तोरण साहू, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष चंद्रकला साहू, महासचिव यशवंत साहू, सचिव लीलाराम साहू सहित सामाजिक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता जुटे हुए हैं।

# भंवरमरा के साहू सामुदायिक भवन में हो रहा प्राथमिक शाला का संचालन

- भरारी की माध्यमिक शाला में छात्रों की जान जोखिम में

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

विकासखंड के ग्राम भंवरमरा में शिक्षा के मंदिर का बुरा हाल है। प्राथमिक शाला के छात्रों को सामुदायिक भवन में पढ़ना पड़ रहा है, वहीं माध्यमिक शाला के छात्रों को जर्जर छत से अनहोनी का डर सता रहा है। ग्रामीणों ने प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूल का निर्माण कराने की मांग कलेक्टर से की है।

ग्राम पंचायत भंवरमरा की सरपंच श्रीमती झामिन निषाद, उपसरपंच श्यामलाल निषाद, पंच सपना साहू, संतोष ध्रुव, दानेश निर्मलकर, दशरी ध्रुव, लक्ष्मी गोस्वामी, पंचूराम, नर्मदा निषाद ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि भंवरमरा का प्राथमिक शाला भवन जर्जर हो चुका है। छत से जगह-जगह पानी टपकता है। वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में साहू सामुदायिक भवन में अध्यापन कार्य संचालित करना पड़ रहा है। पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने एक अन्य ज्ञापन में कहा है कि भंवरमरा के आश्रित ग्राम भरारी का शासकीय माध्यमिक शाला भवन अति जर्जर हो चुका है। अन्य जगह के अभाव में जर्जर भवन में ही अध्यापन कार्य किया जा रहा है जो गंभीर समस्या है। पालकों को अनहोनी की आशंका के बीच छात्रों को पढ़ाना पड़ रहा है।

सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन पहुंचे सरपंच सहित ग्रामीण पेखनलाल साहू, शत्रुघन निषाद, शिवदयाल नेताम, मनहर साहू, सागर निषाद, तरूण साहू, श्यामलाल निषाद ने नवीन प्राथमिक शाला भवन तथा नवीन शासकीय माध्यमिक शाला भवन निर्माण की मांग कलेक्टर से की है।



### यूरिया का सेवन कर महिला ने की आत्महत्या

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक महिला ने यूरिया का सेवन कर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार मगरलोड थाना क्षेत्र के ग्राम बूढ़ाराव निवासी पूनमबाई ध्रुव पति ईश्वर उम्र 39 वर्ष खेती मजदूरी का काम करती थी। रविवार को दादी सास उसके घर आई थी। रात्रि में ईश्वर खाना खाकर अपने कमरे में सो गया। वहीं पूनम बरामदे में अपनी दादीसास के साथ सो गई। सोमवार की सुबह दादीसास उठी तो पूनम छटपटा रही थी। घटना की जानकारी ईश्वर को दी। पति ने देखा कि बाड़ी में डालने के लिए बरामदे में रखे यूरिया की मात्रा कम है। यूरिया को घोलकर सेवन कर लेने की आशंका के चलते महिला को उपचार के लिए मगरलोड अस्पताल पहुंचाया गया जहां से रिफर करने पर गंभीर हालत में महिला को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया। इलाज के दौरान मंगलवार की सुबह महिला की मौत हो गई। चौकी पुलिस ने पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।

# अल्प वर्षा से सूखने लगे खेत, गंगरेल बांध से पानी छोड़ने की उठने लगी मांग

- सिवनीकला के किसान कलेक्टोरेट पहुंचे
- अटंग के किसानों ने सिंचाई विभाग भाठागांव को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मौसम विभाग का इस साल सामान्य से अधिक बारिश होने का आकलन जिले में फेल साबित हो रहा है। वर्षाकाल का आधा समय बीतने के बाद भी सामान्य वर्षा से 30 प्रतिशत कम बारिश हुई है। यही वजह है कि कुरूद विकासखंड के गांवों से नहर सिंचाई पानी की मांग उठने लगी है। सोमवार को ग्राम सिवनीकला के ग्रामीणों ने कलेक्टर से नहर सिंचाई पानी देने की मांग की है। वहीं अटंग के किसानों ने सिंचाई विभाग भाठागांव को नहर पानी देने का ज्ञापन सौंपा है।

सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन में ग्राम पंचायत सिवनीकला से पहुंचे सरपंच श्रीमती लता ध्रुव, टिकेश्वर चंद्राकर, खिलावन चन्द्राकर, डीलेन्द्र यादव, सुरेश कुमार कुंजीलाल, विमल साहू, सुरेन्द्र कुमार, राजेन्द्र, रामसिंग, आमनी, लीलाराम, कमलेश मुरली, रोहित आदि ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन में कहा है कि अल्पवर्षा के कारण सिवनीकला के किसान रोपा बियासी का काम नहीं कर पा रहे हैं। धान की फसल सूखकर मरने लगी है । तत्काल सिंचाई पानी नहीं मिला तो कृषि कार्य में पिछड़ जाएंगे। उन्होंने मांग की है कि गंगरेल बांध से नहर सिंचाई पानी शीघ्र दिया जाए जिससे किसानी कार्य सुचारू रूप से हो सके।

इधर कुरूद विकासखंड के ग्राम अटंग के किसान गाम पटेल निरंजन सिंह साहू, ढालूराम, चैतराम, कंवरसिंग, ननकाराम, कालीराम आदि ने सिंचाई विभाग भाठागांव को दिए मांग पत्र में कहा है कि वर्षा नहीं होने से खेत सूखने लगे हैं। कृषि कार्य पिछड़ गया हैं। ग्रामीणों ने शीघ्र ही नहर में सिंचाई पानी छोड़ने को कहा है।



# बाइक व मोपेड में टक्कर होने से तीन सवार





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- रूद्री रोड की घटना

रूद्री रोड में बाइक व मोपेड के बीच जोरदार टक्कर हो गई। घटना में तीन लोग घायल हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की दोपहर भाजपा के पूर्व पार्षद दयाराम सोनी अपनी मोपेड से रूद्री रोड से गुजर रहा था। उसी दौरान विपरीत दिशा से बाइक क्रमांक सीजी 24 आर 8974 के चालक राजेंद्र साहू पिता इंदल उम्र 22 वर्ष ग्राम भंगारी बालोद निवासी अपने साथी नीलकमल के साथ जा रहा था, तभी रूद्री रोड में सेंटमेरी स्कूल के पास बाइक व मोपेड में आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। घटना में मोपेड सवार दयाराम सोनी घायल हो गए। वहीं बाइक चालक राजेंद्र व नीलकमल को भी चोट लगी है। सूचना पर वरदान एम्बुलेंस सेवा संस्था के शिवा प्रधान व प्रेम साहू घटनास्थल पहुंचे और दयाशंकर को बाइक की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। वहीं घायल बाइक सवारों को इलाज के लिए एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल लाया गया।

# शराब दुकान के पास अचेत मिला अधेड़, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- बठेना पारा नहर मार्ग की घटना

शराब दुकान के पास अचेत पड़े अधेड़ को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। डाक्टर ने जांच के बाद अधेड़ को मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान बिरेतरा निवासी के रूप में की गई है।

सोमवार की शाम बठेनापारा नहर मार्ग पर स्थित शराब दुकान के पास एक अधेड़ व्यक्ति बेहोश पड़ा हुआ था। इसकी सूचना योगेश्वर साहू पार्षद व अन्य लोगों ने वरदान एम्बुलेंस संस्था को दी। सूचना पर शिवा प्रधान व सोनू साहू तत्काल मौके पर पहुंचे। अधेड़ व्यक्ति को एम्बुलेंस की मदद से अचेत हालत में उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। डाक्टर ने चेकअप के बाद अधेड़ को मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान नहीं हो पा रही थी। कुछ देर बाद सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों से मृतक की शिनाख्ति ग्राम बिरेतरा निवासी डोमारसिंह साहू के रूप में की गई। जानकारी होने पर उसके परिजन जिला अस्पताल पहुंच मृतक की पहचान की।

मंगलवार को अस्पताल चौकी पुलिस ने पंचनामा के दौरान पुत्र नवीन साहू उम्र 20 वर्ष ग्राम बिरेतरा निवासी ने अपने बयान में बताया कि मृतक डोमारसिंह साहू उम्र 56 वर्ष उसके पिता थे। पिता खेती मजदूरी का कार्य करता था। वह शराब पीने का आदी था। नशे की हालत में वह किसी की नहीं सुनता था। रविवार को डोमारसिंह घर में बिना बताए निकल गया था। उसी दिन नवीन को किसी ने बताया कि उसका पिता देशी शराब दुकान धमतरी में शराब पीकर पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही नवीन अपने दोस्त हिमांचल साहू के साथ बठेनापारा नहर मार्ग पर स्थित शराब दुकान पहुंचा, जहां उसका पिता सोया हुआ था। नवीन ने उसे घर ले जाने के लिए उठाया लेकिन डोमार ने घर जाने से मना कर दिया जिसके बाद नवीन अपने साथी के साथ वापस घर बिरेतरा लौट गया। उसका पिता रातभर घर नहीं आया।

सोमवार को किसी अज्ञात व्यक्ति से अधेड़ की नहर मार्ग शराब दुकान के पास अचेत पड़े होने की सूचना मिली। नवीन तुरंत उक्त शराब दुकान के पास गया। वहां पर उसका पिता नहीं था। तभी उसे पता चला कि एम्बुलेंस वाले उसके पिता को उपचार कराने जिला अस्पताल ले गए हैं। जिला अस्पताल पहुंचने पर डाक्टर ने उसके पिता को मृत घोषित कर दिया था। चौकी पुलिस ने शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।



# कोटेश्वर शिवधाम मंदिर से दानपेटी की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

नगरी थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित (डोंगरडुला) ऐतिहासिक भीमा कोटेश्वर शिवधाम मंदिर में चोरी की घटना सामने आई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 3 अगस्त की रात्रि अज्ञात चोरों द्वारा मंदिर परिसर में रखी दानपेटी की चोरी कर ली गई। यह दानपेटी मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा दिए गए दान को संग्रहित करने के लिए रखी गई थी।



मामले की रिपोर्ट 5 अगस्त को कोटेश्वर महादेव मंदिर समिति के पदाधिकारियों द्वारा नगरी थाना में दर्ज कराई गई। समिति के अध्यक्ष मुकेश बघेल ने बताया कि मंदिर की दानपेटी लगभग डेढ़ माह से नहीं खोली गई थी और सावन माह में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा दान दिया गया था। इससे अंदेशा है कि दानपेटी में भारी मात्रा में दान राशि संग्रहित थी। दानपेटी का वजन लगभग 50 किलोग्राम था, जिसे अकेला व्यक्ति नहीं ले जा सकता। संभावना जताई जा रही है कि चोरी की इस घटना को अंजाम देने में एक से अधिक लोग शामिल रहे होंगे।

मामले की गंभीरता को देखते हुए नगरी थाना प्रभारी ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध जांच प्रारंभ कर दी है। उन्होंने समिति को आश्वस्त किया है कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल नगरी पुलिस सक्रियता से जांच में जुटी हुई है। मंदिर समिति ने प्रशासन से इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की मांग की है।

### सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने थाना प्रभारी ने ली व्यापारियों की बैठक

# बोराई के व्यापारियों ने पीडीजेड कैमरा लगाने का लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए आयोजित बैठक में ग्राम बोराई के व्यापारियों ने पीटीजेड कैमरा लगाने का सामूहिक निर्णय लिया है। वहीं अकलाडोंगरी थाना में शांति समिति की बैठक हुई।

बस स्टैंड सहित बोराई क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने एसपी के निर्देशन में थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह ने व्यापारियों की बैठक ली। बैठक में क्षेत्र के सिक्युरिटी सिस्टम व निगरानी को मजबूत करने के लिए विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान व्यापारियों ने सामूहिक रूप से बस स्टैंड परिसर में पीटीजेड कैमरा लगाये का निर्णय लिया। 15 अगस्त के पहले कैमरा लगाने की बात कही।

थाना प्रभारी ने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि कैमरा लगाए जाने के कार्य में पुलिस प्रशासन द्वारा हरसंभव तकनीकी सहयोग दिया जाएगा। व्यापारियों को स्पष्ट रूप से अवगत कराया गया कि यदि कोई व्यक्ति या समूह गैरकानूनी गतिविधियों में लिप्त पाया गया अथवा ऐसे कार्यों में अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करता है तो उसके खिलाफ विधि अनुसार कार्रवाई की जाएगी। व्यापारी संघ ने सहयोग की सहमति दी है।





#### अकलाडोंगरी थाना में हुई शांति समिति की बैठक

अकलाडोंगरी थाना प्रभारी एएसआई अरविंद नेताम द्वारा डुबान क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सभी ग्रामों के सरपंच, उपसरपंच, पटेल, कोटवार तथा पंचायत सदस्यों की उपस्थिति में थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी हरतालिका तीज, गणेश चतुर्थी सहित अन्य परम्परागत त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्द्रपूर्ण माहौल में मनाने के लिए आपसी सामंजस्य एवं सहयोग पर बल देना था। थाना प्रभारी ने सभी जनप्रतिनिधियों से अपने-अपने गांव में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने और किसी भी अफवाह या विवाद की स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना देने का अनुरोध किया है। इसके अतिरिक्त बैठक में नवीनतम अपराध एवं सामाजिक कुरीतियों पर चर्चा कर अपराधों की रोकथाम व बचाव संबंधी जानकारी दी गई।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

### गणेशघाट से जल लेकर कांवरिये हुए रवाना, अंतिम दिन बड़ी संख्या में कांवरियों की भीड़ दिखाई दी

# बोल बम से गुंजायमान रहा कर्णेश्वर धाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

जिले के नगरी सिहावा में श्रावण मास के अंतिम सोमवार को शिव भक्तों ने भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की। बेलपत्र, शमी पत्र, धतूरा फूल नारियल आदि समर्पित कर जलाभिषेक किया। कर्णेश्वर धाम प्रातः काल से ही शिवमय रहा। बोल बम, हर हर महादेव के जय घोष से पूरा वातावरण गुंजायमान रहा। सावन मास के अंतिम सोमवार होने के कारण शिवालयों में आस्था की भारी भीड़ रही। क्षेत्र के अनेक गांव से शिव भक्तों ने पद यात्रा कर कर्णेश्वर धाम में शिव मंदिर में शंकर बोले नाथ का जलाभिषेक किया।

ऋषि पंचमी समिति गणेश घाट ने औघड़ बाबा के सानिध्य व पुजारी मान सिंह पटेल, समिति अध्यक्ष बलदेव निषाद, ज्ञान सागर पटेल की



अगुवाई में सिहावा शीतला माता का दर्शन कर पदयात्रा करते हुए ऐतिहासिक कर्णेश्वर धाम में जलाभिषेक किया। क्षेत्र के अनेक



जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र की सुख शांति की कामना के लिये कर्णेश्वर धाम में रुद्राभिषेक किया। कर्णेश्वर धाम में अंतिम सोमवार को



श्रद्धालुओं को खीर पूड़ी का वितरण सुमन राजपूत, विवेक जैन, अश्वनी कोसरिया ने किया। महानदी के उदगम स्थल गणेश घाट सिहावा में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। रामायण काल में पत्थर में उकेरी गई शिवलिंग में महिलाओं ने पूजा अर्चना कर जलाभिषेक किया। दूर-दूर से आये कांवरियों ने महानदी का जल लेकर कांवर यात्रा प्रारंभ की। एसडीएम प्रीति दुर्गम ने प्रशासन अमलों के साथ कर्णेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया। जनपद के पास मोरज पटेल ने प्रसादी वितरित की। बोल बम समिति ने कांवरियों के लिये पूरे सावन महीने भर भोजन प्रसादी की व्यवस्था की।

ट्रस्ट अध्यक्ष विकल गुप्ता ने बताया कि सावन मास में हर वर्ष की तरह इस बार भी कर्णेश्वर धाम में भारी भीड़ थी। शुक्रवार को हरेश सिन्हा ने भजन प्रस्तुति दी। शनिवार को सांकरा की मंडली ने भजन से श्रद्धालुओं को सराबोर किया। ट्रस्ट उपाध्यक्ष रवि दुबे, कोषाध्यक्ष निकेश ठाकुर, सचिव भरत निर्मलकर, रामभरोसा साहू, नागेंद्र शुक्ला, प्रवीण गुप्ता, कमल डागा, योगेश साहू, अनिरुद्ध साहू, सरपंच नरसिंग मरकाम, टेश्वर ध्रुव आदि व्यस्था में जुटे रहे। अंतिम सोमवार को सिहावा विधायक अम्बिका मरकाम, भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी, धमतरी विधायक ओंकार साहू, बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव, पूर्व विधायक प्रतिमा चंद्राकर, पूर्व जिपं सदस्य तारिणी चंद्राकर कुरुद ने कर्णेश्वर धाम पहुंचकर पूजा-अर्चना कर जलाभिषेक कर्णेश्वर धाम में माथा टेका।

## खबर संक्षेप



### मुमुक्षु गुन निकल पड़ी संयम के मार्ग पर

**धमतरी।** धर्म की तपोभूमि के धार्मिक इतिहास में 9 अगस्त को नगर की बेटी गुन कवाड सुपुत्री ऋषि रिंकू देवी कवाड सांसारिक दुनिया को त्याग कर संयम के मार्ग का अनुसरण करेंगी। इससे पूर्व शहर से विदा लेते हुए अपनी जन्मभूमि को नमन करते हुए उन्होंने कहा कि समाज का कल्याण तभी संभव है जब व्यक्ति एक दूसरे को जोड़ने का धर्म निभाएं न कि तोड़ने का और न ही छोड़ने का। गौरतलब है कि मुमुक्षु बहन की दीक्षा राजस्थान के देशनोक में होगी। पूर्व पार्षद राजेंद्र शर्मा तथा पार्षद द्वय पिन्टू यादव, कुलेश सोनी ने मुमुक्षु बहन से आशीर्वाद लिया।

### विजय यदु बने भाजपा जिला उपाध्यक्ष

**मगरलोड।** भाजपा प्रदेशध्यक्ष किरणसिंह देव, प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय, पूर्व मंत्री व विधायक अजय चन्द्राकर,



जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस की अनुशंसा पर जगदीश रामू रोहरा प्रदेश महामंत्री एवं मुख्यालय प्रभारी ने मगरलोड भाजपा मंडल के पूर्व अध्यक्ष विजय यदु को जिला उपाध्यक्ष बनाया है। श्री यदु को जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, पिंकी ध्रुव, जिला पंचायत सभापति टीकाराम कंवर, पूर्व जिला उपाध्यक्ष नरेश सिन्हा, जनपद अध्यक्ष वीरेन्द्र साहू, उपाध्यक्ष खिलेश साहू, मंडल अध्यक्ष रोहित मोहन साहू, शत्रुघ्न साहू, भवानी यादव, लोकेश साहू, हिरंजय साहू, डीहूराम साहू, रामायण सिन्हा, एवन साहू, टीकमचंद साहू, मिलन नेताम, मुरली सिन्हा, चंदू निषाद, लोमश सिन्हा, चित्रसेन प्रजापति, कुलेश्वर साहू, धरम बिसेन, हिरामन ध्रुव, बसंत साहू, नारायण साहू, कृष्णा ध्रुव, नंदनी सिन्हा, दुर्गा साहू, भानुप्रिया साहू, राधा साहू, त्रिलोत्मा साहू, डामेश्वर सिन्हा, रेखराम ध्रुव, फग्गू यादव, रवि साहू, जनक साहू, टेकराम निषाद, ओम प्रकाश निषाद, राजेन्द्र पटेल ने हर्ष जताया है।

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की तिथि बढ़ी

**धमतरी।** प्राकृतिक आपदा से किसानों को होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ वर्ष 2025-26 के लिए लागू की गई है। भारत सरकार द्वारा 1 से 31 जुलाई तक फसल बीमा के लिए अधिसूचना जारी की गई थी, जिसे अब बढ़ाकर अऋणी कृषकों के लिए 14 अगस्त तथा ऋणी कृषकों के लिए 30 अगस्त तक कर दिया गया है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने जिले के किसानों से अपील की है कि वे अपने नजदीकी कृषि या राजस्व कार्यालय से संपर्क कर फसल बीमा कराएं एवं योजना का लाभ उठाएं।

# जिले के 99,677 कृषकों के खाते में आए 22 करोड़ रुपये

■ प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

रक्षाबंधन से पहले किसानों को बड़ी सौगात मिली । प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत जिले के 99,677 पात्र कृषकों को डीबीटी (डायरेक्ट बेनीफिट ट्रांसफर) के माध्यम से 20 वीं किस्त की राशि अंतरण बीते शनिवार को हुआ।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी से डायरेक्ट बैंक ट्रांसफर के जरिए देश के किसानों को 20500 करोड़ रुपये की राशि ट्रांसफर की। यह



आर्थिक सहायता किसानों को हर चार महीने में दी जाती है, ताकि वे खेती-किसानी से जुड़ी जरूरतों को बेहतर ढंग से पूरा कर सकें। प्रधानमंत्री का सीधा प्रसारण कार्यक्रम कृषि विज्ञान केन्द्र धमतरी में आयोजित किया गया।

उप संचालक कृषि मोनेश साहू ने बताया कि जिले के कृषकों के बैंक खातों में कुल 22.02 करोड़ की राशि अंतरण से कृषक समुदाय में उत्साह और प्रसन्नता का वातावरण देखने को मिला। मुख्य अतिथि कृषि स्थायी समिति के सदस्य अग्रवाल साहू थे। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, कृषक, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकगण



एवं कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिले के सभी विकासखण्डों में आयोजित किया गया। विकासखण्ड कुरूद में मुख्य अतिथि जपं अध्यक्ष श्रीमती गितेश्वरी साहू एवं नपं की श्रीमती ज्योति भानु चंद्राकर रहीं। विकासखण्ड मगरलोड में जिपं की कृषि स्थायी समिति के सभापति टीकाराम कंवर ने सहभागिता की। वहीं विकासखण्ड नगरी में कृषि उपज मंडी में आयोजित कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष महेश गोटा, उपाध्यक्ष हृदय साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## विधायक से मिले कोसमर्रा सरपंच एवं जनपद सदस्य



हरिभूमि न्यूज ⏭ भखारा

■ गांव के समग्र विकास को लेकर चर्चा की

क्षेत्र की जनपद सदस्य श्रीमती सिंधु बैस, कोसमर्रा सरपंच डॉ. कुलेश्वर साहू, उप सरपंच हेमलाल चौरे, ग्रामीण पदाधिकारी रामप्रसाद कंवर, भगवानी शांडिल्य, मनी राम साहू, गोविंदा साहू, अमित बनपेला, सुभाष साहू, भूपेश साहू, रोहित निर्मलकर, जीवराज देवांगन, हेमंत साहू, महिला कमांडो अध्यक्ष पदमिनी साहू, उपाध्यक्ष धनेश्वरी साहू, वार्ड पंच मीना साहू, चित्ररेखा साहू, नंदनी बंजारे, चंद्रकला साहू, देवकुमारी मानिकपुरी, सरोज पारधी, जोहत साहू, खिलेश्वरी ध्रुव, धनेश्वरी बनपेला ने ग्राम पंचायत कोसमर्रा के समग्र विकास के लिए एवं नशामुक्ति के लिए विधायक अजय चंद्राकर से उनके निवास स्थान रायपुर में मुलाकात की। विधायक ने ग्रामीणों को गांव के समग्र विकास के लिए आश्वस्त किया। इससे ग्रामीणों में हर्ष है।

## पुलिस चौकी बिरेझर क्षेत्र में तीन लोगों की मौत

■ सड़क दुर्घटना में दो एवं बिजली करंट से एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव

पुलिस चौकी बिरेझर अंतर्गत 5 अगस्त को अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई है।

ग्राम जीजामगांव से मड़ेली मोड़ पर खेत में स्कूटी सवार युवक के गिरने की सूचना ग्रामीणों द्वारा दी गई। मौके पर ही युवक की मौत हो चुकी थी। पंचनामा के दौरान पता चला कि मंदरौद निवासी चितरंजन यादव पिता महेश्वर यादव उम्र 19 वर्ष को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी जिससे उसकी मृत्यु हो गई। परिजनों से मिली जानकारी अनुसार वह किसी निजी कार्य से मड़ेली जा





रहा था।

इसी प्रकार ग्राम अंवरी निवासी बाइक सवार रघु निर्मलकर पिता भानु निर्मलकर उम्र 57 वर्ष नगर सैनिक जिला धमतरी में पदस्थ था। ड्यूटी से वापस घर आ रहा था। ग्राम कल्ले स्कूल के पास तेज रफ्तार छोटा हाथी पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी जिसकी मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई। तीसरी घटना में बिजली की करंट से नवागांव निवासी देवेंद्र गोस्वामी पिता घनश्याम गोस्वामी उम्र 29 वर्ष की मौत हो गई। सभी शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए कुरुद भेजा गया। मामला दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही में बिरेझर चौकी जुटी हुई है।



## अरौद से खैरझिटी मार्ग में सैकड़ों गहरे गड्ढे

### राहगीरों, स्कूली बच्चों को आने-जाने में हो रही परेशानी

■ क्षेत्रवासियों ने शासन-प्रशासन से अतिशीघ्र रोड मरम्मत की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

ग्राम अरौद से खैरझिटी मार्ग अत्यंत जर्जर हो चुका है। सड़क मार्ग पीडब्ल्यूडी विभाग का है। इतनी कम दूरी में सैकड़ों गहरे गड्ढे हैं। इस मार्ग से स्कूली बच्चे सहित भारी वाहनों का आना-जाना होता है। सड़क मरम्मत के नाम पर कुछ गड्ढे भरकर औपचारिकता निभाई गई है। प्रशासनिक अधिकारी सहित जनप्रतिनिधि को अवगत होने के बाद भी गड्ढों की मरम्मत नहीं की गई है। 21 सितंबर को महानदी पुल के टूटने के बाद आवागमन बंद हो गया है। मगरलोड क्षेत्र सहित अन्य क्षेत्र के राहगीरों के लिए मुश्किलों का पहाड़ टूट गया है। नगरी सिहावा उड़ीसा से आने-जाने वाले भारी वाहन मेघा महानदी पुल के टूटने के कारण मेघा, अरौद मार्ग से खैरझिटी पहुंचकर पक्की सड़क में जाते रहे। मेघा अरौद, खैरझिटी मार्ग व्यस्तम मार्ग है। ज्ञात हो कि अरौद से खैरझिटी सड़क मार्ग के नए निर्माण के लिए लाखों रूपये की स्वीकृति एक वर्ष पूर्व किए जाने की वाहवाही हो रही थी। क्षेत्रवासी काफी खुशी से झूम उठे थे। किन्तु दुर्भाग्य का विषय है कि एक वर्ष में सड़क मार्ग की पूर्ण मरम्मत नहीं हुई। सड़क चलने लायक नहीं रह गई है। राहगीर रोज गिर रहे हैं। अरौद से खैरझिटी मार्ग मगरलोड क्षेत्र के अलावा नगरी, सिहावा, उड़ीसा, नयापारा राजिम, रायपुर अन्य शहरों को जोड़ता है। क्षेत्रवासियों ने शासन-प्रशासन सहित जनप्रतिनिधियों से अति शीघ्र रोड की मरम्मत की मांग की है।

## अंचल की खबरें

### उपमुख्यमंत्री से मिले मुरा के जनप्रतिनिधि



**जीजामगांव।** ग्राम पंचायत मुरा के जनप्रतिनिधियों ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव से मुलाकात कर गांव के विकास कार्यों के लिए कई महत्वपूर्ण मांगें रखी। सरपंच राकेश साहू, भाजपा बूथ अध्यक्ष रामकुमार साहू, तुम्मन साहू, पंचायत पदादिकारी रूपेंद्र साहू, युवराज साहू, भुनेश्वर साहू, सुमेर साहू, तुलेश, बसंत साहू, प्रदीप साहू ने मुक्तिधाम का सौन्दर्यीकरण और कबीर आश्रम से नवीन प्राथमिक स्कूल दर्रीपारा तक सीसी रोड निर्माण की मांग की। उपमुख्यमंत्री ने कलेक्टर को तुरंत स्वीकृति के लिए आदेश दिया है।

### डाभा में शिव भक्तों ने किया जलाभिषेक



**मगरलोड।** ग्राम डाभा में किशोर निषाद के सानिध्य में शिव भक्त वर्ष 2012 से लगातार कांवर यात्रा निकाल रहे हैं। इस वर्ष 50 शिवभक्त श्रृंगी ऋषि से जल लेकर ग्राम डाभा के माता दन्तेश्वरी चौक में स्वयंभू भगवान भोलेनाथ में जलाभिषेक किया। भक्तों को प्रसाद का वितरण किया गया।

### गणेशजी की मूर्ति बनाने में जुटे मूर्तिकार




**मगरलोड।** गणेश चतुर्थी 27 अगस्त को है। इसकी तैयारी में क्षेत्र के मूर्तिकार जुट गए हैं। ग्राम मोहंदी में मूर्तिकार रूपेश चक्रधारी ने गणेश जी की मूर्ति बनाने में जुटे हैं। श्री चक्रधारी ने बताया कि उनकी पत्नी रूक्मणि चक्रधारी भी मूर्ति बनाने में सहयोग कर रही है। भक्तों की मांग अनुसार मूर्तियां बनाई जा रही हैं ताकि समय रहते भक्तों को मूर्ति मिल सके। मूर्तिकार ने आगे बताया कि दो माह पहले से ही मिट्टी की मूर्ति बनाने लगे हैं। छोटी मूर्ति की कीमत 351 रूपये से लेकर बड़ी मूर्ति 10 से 12 हजार रूपये तक की है। ऑर्डर के अनुसार मूर्तियां बनाई जा रही हैं। इसके अलावा भगवान विश्वकर्मा, दुर्गा, लक्ष्मी सहित अन्य मूर्तियां बनाई जाती हैं।

### पीपरछेड़ी में तुलसीदास जयंती पर हुआ मानसगान





**कोर्रा(भखारा)।** मानस शक्ति केन्द्र रांवा के तत्वावधान में मानस ग्राम पीपरछेड़ी (दे) के मां शीतला माता प्रांगण नवीन रंगमंच पर गोस्वामी तुलसीदास का जन्मोत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती भारती साहू पीपरछेड़ी सदस्य जपं धमतरी थी। अध्यक्षता आशनी साहू सरपंच ने की। विशिष्ट अतिथि चोखाराम देशमुख उपसरपंच, गोवर्धन साहू अध्यक्ष ग्राम विकास समिति, नेमेश्वर साहू अध्यक्ष मानस आयोजन समिति, दानीराम साहू रांवा कोषाध्यक्ष श्रीराज मानस संघ धमतरी, योगेश्वर उपाध्याय संरक्षक श्रीराज मानस संघ धमतरी थे। कार्यक्रम में अंचल की ख्यातिप्राप्त मानस मण्डली ओम निखिलम मानस परिवार पीपरछेड़ी, नव दुर्गा महिला मानस मण्डली तरसींवा, शिवम मानस परिवार तरसींवा एवं पारसमणी मानस परिवार पुरानी बस्ती रायपुर द्वारा श्री रामकथा अमृत रसधारा प्रवाहित की गई जिससे पूरा ग्राम रामभक्ति में सराबोर हो गया। यह जानकारी मानस शक्ति केन्द्र रांवा के कोषाध्यक्ष परसादी निखिल, लोकेश्वर निखिल, सचिव ओमप्रकाश साहू कुर्रा ने दी।

### विधायक चंद्राकर के प्रयास से क्षेत्रवासियों को मिलेगी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं

# 100 बिस्तर वाले सिविल अस्पताल के भवन निर्माण के लिए 17.84 करोड़ मंजूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

विधायक अजय चंद्राकर की बेहतर नेतृत्व क्षमता के चलते कुरूद में स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि दर्ज हुई है। राज्य शासन ने कुरूद में 100 बिस्तर वाले सिविल अस्पताल के भवन निर्माण के लिए 1784.66 लाख ( सत्रह करोड़ चौरासी लाख छियासठ हजार रूपए) की प्रशासकीय स्वीकृति दी है।

गौरतलब है कि विधायक श्री चंद्राकर फरवरी 2024 के विधानसभा बजट सत्र में इस हेतु राशि स्वीकृत कराकर आगे की प्रक्रियाओं को नियमित अनुसरण कर कार्य में प्रगति लाते रहे जो अब रंग लाया रहा है। फलस्वरूप मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और खेल जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए व्यापक प्रावधान किए थे, जिनमें कुरूद को अनेक सौगाते मिली। 100 बिस्तर वाले इस अस्पताल के साथ ही नर्सिंग कॉलेज की स्थापना भी प्रस्तावित है, जिससे क्षेत्रीय युवाओं को चिकित्सा, शिक्षा के अवसर भी मिल सकेंगे।

### क्षेत्रवासियों को स्वास्थ्य सुविधाओं की मिली बड़ी सौगात

100 बिस्तर अस्पताल भवन निर्माण की राशि स्वीकृत होने से कुरूद नगर और आसपास के ग्रामों में निवासरत हजारों लोगों को अब उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ हो सकेंगी। अब मरीजों को गंभीर अवस्था में बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। स्थानीय नागरिकों में इस घोषणा को लेकर हर्ष है। वर्तमान में कुरूद में 50 बिस्तर अस्पताल है, जिसे उन्नयन कर 100 बिस्तर किया गया है । इसके लिए राज्य शासन ने सिविल अस्पताल के भवन निर्माण के लिए 1784.66 लाख की मंजूरी दे दी है।




### स्वास्थ्य के क्षेत्र में कुरुद आत्मनिर्भर बने, यही मेरा प्रयास : अजय



विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में कुरुद विधानसभा को विकसित करने का प्रयास 2018 से किया जा रहा था। मेरा मंशा रही है कि स्वास्थ्य सुविधाओं में हम आत्मनिर्भर बने, प्रयास तो सिविल अस्पताल को 100 बिस्तर में अपग्रेड करने के साथ यहां एक नर्सिंग कॉलेज खोलने का भी था पर बीते पांच साल राज्य में कांग्रेस की सरकार ने इसे होने नहीं दिया। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व राज्य में विष्णुदेव साय की भाजपा नीत डबल इंजन की सरकार में अब पूरा होने जा रहा है। 100 बिस्तर के उन्नयन के साथ अब सिविल अस्पताल क्षेत्र ही नहीं बल्कि जिले के जनसमुदाय को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करेगा।

## अंचल की खबरें

### सेजेस कंडेल में रक्षाबंधन पर्व मनाया गया



**धमतरी।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कंडेल में रक्षाबंधन के अवसर पर विशेष सांस्कृतिक गतिविधि का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक परिधान में भाग लिया और एक-दूसरे को राखी बांधकर भाई-बहन के अटूट प्रेम का संदेश दिया। विद्यालय में राखी निर्माण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने अपनी रचनात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्राचार्य राहुल सिंह नेताम ने बच्चों को आपसी प्रेम, सम्मान एवं सौहार्द्र बनाए रखने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि ऐसे पर्व हमारे संस्कारों और सांस्कृतिक मूल्यों को सहेजने का माध्यम हैं।

### महिला कमांडो को टॉर्च और सीटी का वितरण



**धमतरी।** ग्राम पंचायत कलारतराई व ग्राम विकास समिति द्वारा महिला कमांडो को टॉर्च और सीटी वितरित की गई। इस अवसर पर डीएसपी मोनिका मरावी, अर्जुनी थाना प्रभारी चंद्रकांत शामिल हुए। डीएसपी मोनिका मरावी ने कहा कि महिला कमांडो को टॉर्च और सीटी का वितरण एक सकारात्मक कदम है जो न केवल उनकी सुरक्षा में मदद करेगा बल्कि इलाके में अपराधों को रोकने और शांति बनाए रखने में भी सहायक होगा। इस अवसर पर सरपंच कुलदीप ध्रुव, उपसरपंच माधवेंद्र साहू, पूर्व जनपद सदस्य गोपाल साहू, पूर्व सरपंच लवण किशोर साहू, तरुण साहू, पंच रविप्रकाश सेन, विष्णु साहू, मुकेश साहू, खम्मन सिन्हा, डागेंद्र साहू, महिला कमांडो प्रमुख सेवती साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### ब्रम्हाकुमारी बहनों ने मनाया रक्षाबंधन पर्व



**अंवरी।** रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य में प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय सेवा संस्थान की करुणा, फूलबासन साहू, श्रीमती पुष्पलता देवांगन, श्रीमती भारती साहू, श्रीमती उषा साहू, श्रीमती बनपेला ने नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति जैन को रक्षासूत्र बांधकर भाई बहन के पवित्र रिश्ता को मजबूत करने का सन्देश दिया। ज्ञात हो कि रक्षाबंधन पर्व भारत की संस्कृति तथा मानवीय मूल्यों को उजागर करने वाला अनेक आध्यात्मिक रहस्यों को प्रकाशित करने वाला और भाई बहन के वैश्विक रिश्ते की स्मृति दिलाने वाला परमात्मा उपहार है। कलाई पर बंधे कच्चे धागे में विश्व के नवनिर्माण के पांच सूत्र समाये हैं। ये पांच सूत्र स्नेह सूत्र, रक्षा सूत्र, ईश्वरीय सूत्र, परिवर्तन सूत्र एवं पवित्रता सूत्र है।

### डीजल घोटाले की निष्पक्ष जांच की मांग



■ युवा कांग्रेस ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**धमतरी।** युवा कांग्रेस ने जिला महासचिव गीतराम सिन्हा के नेतृत्व में नगर निगम में हुए डीजल घोटाले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इस घोटाले में खराब गाड़ियों और बाइक के नाम पर लाखों रुपये के डीजल की पर्चियां काटी गईं, जो भ्रष्टाचार और सार्वजनिक धन के दुरुपयोग का गंभीर मामला है। ज्ञापन सौंपने के दौरान युवा कांग्रेस ने प्रशासन को 5 दिन का अल्टीमेटम दिया है। गीतराम सिन्हा ने चेतावनी दी कि यदि इस अवधि में जांच शुरू नहीं की गई और दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो युवा कांग्रेस उग्र प्रदर्शन करने को बाध्य होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा शासित नगर निगम में भ्रष्टाचार चरम पर है। जनता के पैसे का दुरुपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान अविनाश मरोठे, युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष हितेश गंगवीर, एनएसयूआई के प्रदेश सचिव गौतम वाधवानी, अजय डहरिया, नमन बंजारे, शेख सोहेल, रिजवान खान, फैजान खान शामिल थे।

### सशिमं उमावि में विज्ञान दिवस मनाया गया





**धमतरी।** सरस्वती शिशु मंदिर उमावि आमातालाब में महान वैज्ञानिक डॉ प्रफुल्लचंद्र रॉय के जन्मदिवस को विज्ञान दिवस के रूप में मनाया गया। मुख्य वक्ता सुश्री परमिन्दर कौर व्याख्याता, विशिष्ट अतिथि श्रीमती शोभा दुबे व्याख्याता, श्रीमती खेमिन साहू प्राचार्य सशिमं ने डॉ प्रफुल्लचंद्र रॉय के छायाचित्र का पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। अतिथिद्वय ने छात्रों में वैज्ञानिक सोच एवं सृजनात्मकता का भाव विकसित करने के लिए सारगर्भित उद्बोधन दिए। इस अवसर पर कक्षा प्रथम से कक्षा द्वादश तक के 250 छात्र-छात्राओं ने विज्ञान पर आधारित मॉडल, पोस्टर, रंगोली, मेहंदी चित्रकला, विज्ञान प्रयोग, भाषण, पहेली प्रतियोगिता में भाग लिया। सुश्री परविन्दर कौर, श्रीमती शोभा दुबे एवं विद्यालय के प्राचार्य श्रीमती खेमीन साहू ने निर्णायक की भूमिका निभाई। प्रत्येक विधा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान बनाने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया जाएगा। इस आयोजन में विज्ञान प्रभारी श्रीमती डामेश्वरी साहू, कार्यक्रम संचालक श्रीमती प्रभा चौबे की भूमिका रही। यह जानकारी विद्यालय के मीडिया प्रभारी केवलसिंह साहू ने दी।

पुरानी परंपरा को फिर से शुरू करने परिषद की बैठक में हुआ निर्णय

# खेल मेला मैदान में होगा स्वतंत्रता दिवस का गरिमामय कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



नगर पंचायत कुरूद द्वारा इस बार पुरानी परंपरा को फिर से शुरू करते हुए 15 अगस्त स्वंतत्रता दिवस को खेल मेला मैदान में सामूहिक रूप में धूमधाम से मनाने नपं अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर द्वारा परिषद की विशेष बैठक में प्रस्ताव लाया गया। जिसे सर्वसम्मति से जनप्रतिनिधियों एवं शैक्षणिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में पारित कर निर्णय लिया गया।

गौरतलब है कि खेल मैदान कुरूद में स्वतंत्रता दिवस एवं गणतंत्र दिवस का आयोजन परंपरागत तरीके से होते आता रहा है, जो किसी कारणवश बंद हो गया था जिसे पुनः शुरू करते हुए नगर का मुख्य ध्वजारोहण कार्यक्रम कराने का निर्णय नपं अध्यक्ष श्रीमती चन्द्राकर के द्वारा लाये प्रस्ताव पर सर्वसहमति से लिया गया। विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर ने बैठक का संचालन करते हुए नगर में वर्षों से चली आ रही परंपरा को पुनः चालू करने के लिए सभी जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया। चर्चा उपरांत बैठक में सभी जनप्रतिनिधियों ने राष्ट्रीय उत्सव के लिए रूपरेखा बनाने सहमति दी। जनप्रतिनिधियों एवं शैक्षणिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भी कार्यक्रम की तैयारियां संबंधी एवं संक्षिप्त कार्यक्रम सीमित समय में करने के लिए सुझाव दिये। मुख्य कार्यक्रम की तैयारी एवं व्यवस्था के लिए नपं के दो कर्मचारियों एवं शैक्षणिक संस्थाओं के दो शिक्षकों को प्रभारी बनाया गया है। इन कार्यक्रम की संपूर्ण तैयारी के लिए इंजीनियर भोजराज सिन्हा को नोडल अधिकारी बनाया गया। अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर ने 15 अगस्त को राष्ट्रीय पर्व मनाने व्यापक व्यवस्था करने के लिए अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देशित किया। नगर के विभिन्न चौक-चौराहों में पार्षदगण ध्वजारोहण कर मुख्य समारोह एवं नगर पंचायत कार्यालय के ध्वजारोहण उत्सव में सम्मिलित होंगे। नगर के सामाजिक एवं सांस्कृतिक प्रेम और सद्भाव को सहेजने की अपील की।

बैठक में उपाध्यक्ष देवव्रत साहू, नेता प्रतिपक्ष डुमेश साहू, वरिष्ठ पार्षदगण मिथिलेश बैस, रजत चन्द्राकर, महेन्द्र गायकवाड़, रवि मानिकपुरी, राजकुमारी ध्रुव, कविता चन्द्राकर, नगर की शैक्षणिक संस्थाओं के प्रभारी एवं प्रतिनिधिगण सम्मिलित हुए।

# शालेय खो-खो प्रतियोगिता में 400 छात्रों ने लिया भाग



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

विकासखंड स्तर पर 14, 17, 19 वर्ष बालक-बालिका शालेय खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोरम में हुआ। इस प्रतियोगिता में सोरम स्कूल के अलावा मॉडल स्कूल धमतरी, नत्थूजी जगताप स्कूल धमतरी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रुद्री, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरेंगा, केन एकेडमी धमतरी, ओरेकल स्कूल धमतरी, बालक स्कूल धमतरी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बागतराई, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरतुली, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरेतरा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रावा से लगभग 400 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के प्राचार्य जेआर साहू ने किया।

उन्होंने विकासखंड से आए सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया एवं सभी खिलाड़ियों को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में चयन होने के लिए प्रोत्साहित किया। जिला स्तर पर प्रतियोगिता 3 सितम्बर शुक्रवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरा बी विकासखंड कुरूद में होगी। इस अवसर पर प्राचार्य जे.आर. साहू, व्यायाम शिक्षक सुनील कुमार सिन्हा, संदीप सिन्हा, प्रफुल्ल योगी, रविंद्र गोस्वामी, निर्मला सिन्हा, अश्वनी पाटकर, खेमलता गिलहरे, डेमिन साहू, मनजीत उपस्थित थे।

# छाती के कांवरियों ने किया जलाभिषेक



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

हर-हर महादेव बोल बम समिति छाती के 40 कांवरियों ने सियादेवी माता मंदिर स्थल से जल लाकर छाती बाजार चौक स्थित बुढ़ादेव मंदिर के शिवलिंग में जलाभिषेक किया। यह जानकारी नरेंद्र कुमार साहू ने दी।

# कभी पुराना तालाब उपेक्षा की पीड़ा झेल रहा था आज अमृत सरोवर के रूप में बनाई पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी




जिले के मगरलोड विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत डूमरपाली का आश्रित ग्राम नारधा आज एक नई पहचान बना चुका है। जहां कभी एक पुराना तालाब अपनी उपेक्षा की पीड़ा झेल रहा था वहीं आज वह अमृत सरोवर के रूप में विकसित होकर ग्रामवासियों की आजीविका, कृषि और पर्यावरण का केंद्र बन चुका है।

इस सफलता की पृष्ठभूमि में है 150 वर्ष पूर्व संत वनवास कुंवर की प्रेरणा और ग्रामवासियों का सामूहिक श्रम। वर्षों तक यह जलस्रोत ग्राम की सेवा करता रहा किंतु समय के साथ उपेक्षा, गाद भराव और अव्यवस्थित उपयोग ने इसे निष्क्रिय बना दिया था। नवीनीकरण की पहल को चरितार्थ करते हुए वित्तीय वर्ष 2022-23 में मनरेगा अंतर्गत तालाब के पुनर्जीवन हेतु राशि 19 लाख 97 हजार की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हुई। जिससे तालाब का गहरीकरण, टो-वॉल निर्माण, पचरी एवं आउटलेट निर्माण तथा परिसर में सौंदर्यीकरण का कार्य किया गया। इन कार्यों से तालाब की जलधारण क्षमता तो बढ़ी ही, साथ ही आसपास का पर्यावरण भी समृद्ध हुआ।

ग्राम विकास समिति ने न केवल कार्यों की निगरानी की, बल्कि तालाब के चारों ओर पौधारोपण कर सौंदर्यीकरण को नया स्वरूप दिया। उन्होंने तालाब की सफाई, संरक्षण और पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी भी निभाई। मंदिर परिसर के समीप जनसहयोग से सीसी सड़क का निर्माण कर एक सुंदर, स्वच्छ और उपयोगी बैठकी स्थल विकसित किया गया। तालाब के जीर्णोद्धार से मछली पालन की संभावनाएं विकसित हुई है। वर्तमान में जय पैरी मछुआरा समिति द्वारा तालाब में व्यवस्थित रूप से मछली पालन किया जा रहा है। इससे मछुआरा समिति को प्रतिवर्ष लगभग 50,000 रुपए की आमदनी हो रही है।

तालाब का जल विशेष रूप से गर्मी के मौसम में धान की अंतिम सिंचाई के लिए उपयोग किया जाता है। इससे गांव के किसानों को संकट के समय राहत मिलती है और उनकी फसलें बच जाती हैं। ग्राम नारधा का यह अमृत सरोवर केवल जलस्रोत नहीं, सामूहिक श्रम, संत प्रेरणा, ग्राम समिति की सक्रियता और शासन की योजनाओं के सफल क्रियान्वयन का प्रतीक बन चुका है।

# बच्चों के सुरक्षित भविष्य का आधार है आंगनबाड़ी केंद्र : मोनिका



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अछोटा सेक्टर के ग्राम मुड़पार के दोनों आंगनबाड़ी केंद्र में जिला पंचायत सभापति महिला एवं बाल विकास श्रीमती मोनिका देवांगन पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर बच्चों को दिए जा रहे प्राथमिक शिक्षा, सुपोषण आहार एवं विभिन्न गतिविधियों के विषय में जानकारी ली। बच्चों के साथ बैठकर बड़े ही आत्मीयता के साथ उनसे संवाद किया गया बच्चों ने सहजता से अपना नाम परिचय एवं कविता पाठ किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति मोनिका देवांगन ने सेक्टर के सुपरवाइजर को आंगनबाड़ी केंद्रों में विशेष ध्यान देने एवं बच्चों के माता-पिता से सतत संपर्क में रहने निर्देशित किया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निर्वहन करने हेतु प्रोत्साहित किया।

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बच्चों के भविष्य की नीव को मजबूत करती है गर्भकाल से लेकर प्राथमिक शिक्षा बेहतर स्वास्थ्य एवं संस्कार देने का दायित्व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पर होता है। एक-एक परिवार से जुड़कर कार्य करती है। इसलिए आंगनबाड़ी केंद्र के प्रत्येक कार्यकर्ता सम्मानीय है। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि मकसूदन यादव, सुपरवाइजर टिंकी साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता चंद्रकला निषाद, बबीता यादव उपस्थित रहे।

# अंचल में रोपाई कार्य अंतिम चरण पर



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम बगदेही में धान का रोपाई कार्य पूर्ण होने की कगार पर है। यहां के किसान कन्हैयालाल साहू ने बताया कि लगातार बारिश हो जाने से निचले खेतों में जल भराव अधिक हो गया, जिससे रोपाई कार्य में देर हो गई थी। किंतु क्षेत्र के कृषि श्रमिकों की भूमिका रोपाई कार्य को पूर्ण करने में अहम दिखाई पड़ रही है।

50 कृषि श्रमिकों का नेतृत्व कर रहे भागवत साहू कातलबोड निवासी ने ग्राम बगदेही में वहां के सरपंच सहित कई किसानों की पिछड़ी खेती को पूरा करने में अहम भूमिका अदा की है। कन्हैयालाल साहू के नाती जीवेश साहू के जन्मदिन पर केक काटकर सभी मजदूरों को केक खिलाया।

मजदूरों ने इस मौके पर प्रसन्नता जाहिर किया जिसमें प्रमुख रूप से वीरेंद्र, दानीराम, गोपीराम, डी.के., पोषण, परस सहित उर्मिलाबाई, कुसुम, भगवती, झरना, प्रेमीन, सुनीता, योगेश, डोमेश्वरी, भुवनेश्वरी, बसंती, निरोज, चेतना, कमलेश्वरी, रेवती, कुलेश्वर, अंजनी, रुपोतीन, कला, संतोषी, दुलारी, डिगेश्वरी, विद्या, कविता, संतोषी, डूमेश्वरी, लिलेश्वरी, टिकेश्वरी, कुशल, मल्लिका, शकुन, उनेश्वरी, संतराम भुनेश्वरी, मोगरा, सरोज, राधिका, सुनीति, इंद्राणी, केजाबाई, अनसुइयां, संतोष यादव, सुकलाल ध्रुव की भूमिका महत्वपूर्ण है।

# ब्रम्हाकुमारी बहनों ने जिला जेल में कैदियों को राखी बांधी



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

रक्षा बंधन के अवसर पर ब्रम्हाकुमारी बहनों ने जिला जेल में कैदियों को राखी बांधी। इस दौरान कैदियों ने संकल्प लिया कि आगे के जीवन में अच्छा काम करेंगे। सरिता दीदी ने राखी का महत्व समझाते हुए कहा कि यह साधारण धागा नहीं है। यह धागा हमारे संबंधों को एक प्यार के पवित्र बंधन में बांधकर रखता है। ऐसे समय पर अपने परिवार की याद आती होगी। हम बहनें आपको राखी बांधते समय एक आना और 5 खोटे सिक्के मांगते हैं।

एक आना अर्थात जब आप यहां से बाहर निकलेंगे तो संकल्प करना दिन में एक बार समय निकालकर आध्यात्मिक ज्ञान सुनने जरूर आना है और 5 खोटे सिक्के अर्थात अपने अंदर के 5 विकार काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार का त्याग करेंगे। सभी को रक्षा सूत्र बांधकर तिलक लगाकर मुंह मीठा कराया गया। सभी को वरदान कार्ड भी दिया गया। जेलर श्री डहरिया ने आभार व्यक्त किया। कैदियों को मेडिटेशन सिखाने के लिए निमंत्रण भी दिया। इस अवसर पर बीके प्राजक्ता, बीके मूलेश, बीके मधु, कामिनी कौशिक, जसपाल तथा जिला जेल का स्टाफ उपस्थित था।

# तुलसीदास कृत रामचरित मानस हमारा प्रमुख धर्मग्रंथ : गीतेश्वरी

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

■ भेलवाकूदा में मनाई गई तुलसीदास जयंती



मानस शक्ति केंद्र कोर्रा के तत्वावधान में गोस्वामी तुलसीदास की जयंती व वार्षिक सम्मेलन ग्राम भेलवाकूदा में आयोजित किया गया। भगवान श्री रामचंद्र व तुलसीदास की पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई जिसमें क्षेत्र की जय शीतला मानस मंडली टिपानी, अनुराग मानस मंडली बोरझरा, गायत्री मानस मंडली पचपेड़ी व ओम साईंराम मानस मंडली हंचलपुर की प्रस्तुति हुई। मानस के प्रखर वक्ताओं ने तुलसीदास की जीवनी व राम की कथा सुनाई। समापन समारोह की मुख्य अतिथि जनपद पंचायत कुरुद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू ने कहा कि तुलसीदास जी कृत राम चरितमानस हमारा प्रमुख धर्मग्रन्थ है, जिसमें जामवंत जैसे बुजुर्ग की सलाह, हनुमान जैसे बुद्धि, विवेकी के सहयोग से अथाह गहरे समुद्र के 100 योजन पार लंका में सीता माता की खोज कर विजय पायी। वैसे ही हमें भी कितना कठिन व बड़ा कार्य हो। ग्राम, समाज का विकास कार्य हो, धैर्य रखकर बुद्धि व ताकत का विवेकपूर्ण उपयोग कर सबके सहयोग से करना चाहिए। हम भरत जैसे त्यागी, लक्ष्मण जैसे योगी और माता सीता के जैसे पति के पद के अनुरागी बने। पूजा सिन्हा सभापति जिला पंचायत ने सनातन हिन्दू धर्म को सबसे प्राचीन धर्म बताया, जिसकी रक्षा हेतु हमेशा तत्पर रहने का आह्वान किया। सतीश जैन उपाध्यक्ष जपं कुरुद ने राम, लक्ष्मण, भरत, विभीषण, लव-कुश जैसे चरित्रवान बनने के लिए प्रेरित किया। जनपद सदस्य डीकेश्वरी देवांगन ने रामचरित मानस को दर्पण के समान बताया जिसे पढ़कर व्यक्ति अपना जीवन संवार सकता है।

इस आयोजन में अध्यक्ष सालिक राम साहू, सचिव गिरधारी साहू, संरक्षक जोहतराम साहू, सरपंच पूर्णिमा धनकर, चमन लाल, चंदूराम साहू, लक्ष्मण, भाव प्रकाश साहू, महावीर, तुका, हरिश्चन्द्र, दामिनी, भगवती, पम्पा, कुसुम, साधना के साथ ग्रामवासी व शक्ति केंद्र के अधीनस्थ 20 ग्राम की 54 मानस मंडलियों के सदस्य, धर्मप्रेमी संतों का सहयोग रहा।

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)

प्रवेश योग्यता : बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय
नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण (शासन के नियम अनुसार स्कॉलरशिप की सुविधा)
रिलायंस इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
रायपुर रोड, ग्राम - लिमतरा, धमतरी
जिला - धमतरी (छ.ग.)
9300696600, 9300407100

**खबर संक्षेप**

### शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए जिले के पेंशनर

**धमतरी।** टिकरापारा स्थित साहू भवन में सुनील सोनी विधायक दक्षिण रायपुर के मुख्य आतिथ्य में छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ की प्रांतीय कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रान्ताध्यक्ष डॉक्टर डीपी मनहर ने की। मुख्य अतिथि ने पेंशन भवन निर्माण हेतु 1000000 देने की घोषणा की। अध्यक्ष डॉ. डीपी मनहर ने मुख्य अतिथि को मुख्यमंत्री के नाम 2 प्रतिशत महंगाई राहत एवं धारा 49 को विलोपित करने संबंधी ज्ञापन दिया। इस अवसर पर धमतरी जिले से कृपाशंकर मिश्रा, राजेंद्र चंद्राकर, कृष्णाराम साहू, राजकुमार मिश्रा, होलाराम परिहा, अरुण कुमार गौर, यशकरण सिंह गजेंद्र हनुमान सिंह वर्मा, लाला राम मगेंद्र सहित अन्य उपस्थित थे।

### बगदेही के बुजुर्ग ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**कुरूद।** कुरूद थाना क्षेत्र के ग्राम बगदेही में मंगलवार दोपहर 12 बजे एक बुजुर्ग द्वारा आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान 60 वर्षीय गोवर्धन साहू पिता स्व. पुनीताराम साहू के रूप में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोवर्धन साहू ने अपने ही घर में छत के हुक पर प्लास्टिक रस्सी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के वक्त वह घर में अकेला था। उसके घर के पास से गांव के कुछ लोग गुजर रहे थे तभी देखा कि वह प्लास्टिक रस्सी के फंदे से झूलता दिखा। इसकी सूचना कोटवार, सरपंच और ग्रामीणों को दी। वहीं स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए इसकी सूचना कुरूद पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारा और पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए कुरूद भेजा। गोवर्धन साहू ने फांसी क्यों लगाई, इसकी जांच में कुरूद पुलिस जुट गई है।

कलेक्टर की अध्यक्षता में उद्योग-बैंकर्स संवाद विषय पर हुई कार्यशाला

# जिले में उद्योग और व्यापार की अपार संभावनाएं : अबिनाश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की अध्यक्षता में स्थानीय होटल में उद्योग-बैंकर्स संवाद विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला रैम्प योजना के अंतर्गत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, महिला उद्यमी, स्व-सहायता समूह तथा कारीगरों को बैंक ऋण, वित्तीय योजनाओं एवं सरकारी सहायता से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित की गई।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि धमतरी जिले में उद्योग और व्यापार की अपार संभावनाएं हैं। जिले को जल्द ही बड़ी रेल सेवा से जोड़ने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है, जिससे परिवहन की सुविधा में क्रांतिकारी बदलाव आएगा। वर्तमान में राष्ट्रीय राजमार्ग तो बन ही चुका है, वहीं निकट भविष्य में हाईस्पीड एक्सप्रेस वे और औद्योगिक कॉरिडोर के माध्यम से जिले को पड़ोसी राज्यों के महानगरों और बंदरगाहों से जोड़ा जा रहा है।

उन्होंने कहा कि यहां छोटे-बड़े डेम हैं, जो उद्योगों को आवश्यक जल आपूर्ति सुनिश्चित करते हैं। जिले में उत्पादित सामग्री को सड़क, रेल और समुद्री मार्ग से देश के अन्य हिस्सों और विदेशों तक भेजने की व्यापक संभावनाएं हैं। विशाखापटनम बंदरगाह की दूरी घटकर 5-6 घंटे होने से निर्यात की दिशा में भी नए द्वार खुलेंगे। कलेक्टर ने यह भी कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में तेजी से सुधार हो रहा है। पक्की सड़कों से अब दूरस्थ अंचलों में भी बारहमासी आवागमन की सुविधा उपलब्ध हो गई है, जिससे विकास की मुख्यधारा हर गांव और जन तक पहुंच रही है। उन्होंने नए उद्यमियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया।

कार्यशाला में जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक इंद्रकुमार टिलवानी, भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा आदि के अधिकारी, स्टार्टअप प्रतिनिधि, महिला उद्यमी, डिस्ट्रिक्ट रिसोर्स पर्सन, विभिन्न विभागों के अधिकारी, औद्योगिक संगठन पीएमएफएमई और पीएमईजीपी योजनाओं के लाभार्थी और स्थानीय उद्यमी उपस्थित थे।

बैंक अधिकारियों ने उद्यमियों को मुद्रा योजना, सीजीटीएमएसई, स्टार्टअप लोन सहित विभिन्न ऋण और वित्तीय योजनाओं की जानकारी दी। उद्यमियों को प्रत्यक्ष संवाद का अवसर मिला, जिसमें उन्होंने अपने व्यवसायिक समस्याएं साझा कीं। मौके पर ही कई ऋण प्रस्तावों पर प्राथमिक कार्यवाही की गई। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के प्रबंधक प्रशांत चंद्राकर ने कहा कि इस प्रकार का संवाद कार्यक्रम एमएसएमई क्षेत्र को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

## अब कोई भी समाज छुआछूत की मान्यता नहीं रखेगा

- सर्व समाज समन्वयक की बैठक में लिया गया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





सर्व समाज समन्वय महासभा जिला धमतरी की बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ राज्य को छुआछूत एवं जातिवाद की दुर्भावनाओं से मुक्त करने हेतु सर्व समाज की साझा प्रस्तावना पर विचार एवं निर्णय करना था। बैठक की अध्यक्षता प्रांत अध्यक्ष प्रो. डॉ. संजीव वशिष्ठ ने की। मंच पर उप सभापति दिलीप पटेल एवं श्रीमती पद्मिनी चंद्राकर अध्यक्ष जिला धमतरी थे। इस अवसर पर जिले के विभिन्न समाजों के प्रमुख जीवराखन मरई सर्व आदिवासी समाज, विजय सोनवानी अध्यक्ष सतनामी समाज, अवनेंद्र साहू जिला अध्यक्ष साहू समाज तथा चंदू जसवानी अध्यक्ष सिंधी समाज शामिल रहे। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि धमतरी जिले में ऊंच-नीच की भावना का पूर्णतः परित्याग किया जाएगा और समाज को छुआछूत की कुप्रथा से मुक्त किया जाएगा। अब कोई भी समाज छुआछूत की मान्यता नहीं रखेगा। बैठक में महत्वपूर्ण सुझाव पारित किया गया कि राजनीतिक लोकतंत्र के समानांतर सामाजिक लोकतंत्र की स्थापना अनिवार्य है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि राजनीति के नाम पर समाज का विभाजन न हो। बैठक का संयोजन सभासद हरजिंदर छावड़ा एवं सचिव-संगठन मंत्री श्रीमती चंद्रकला पटेल द्वारा किया गया। मौके पर जिले के विभिन्न समाजों के अध्यक्षगण श्रीमती मुक्ता, श्रीमती रंजना, चंद्रभान, मेश्राम, राजेंदर सिंह, श्रीमती चंद्रभागा साहू, खुशबू देवांगन, विजय सोनवानी, जगदीश देवांगन, सुदर्शन गुप्ता, दीपक लोंढे, अशोक कावरे, महेंद्र गायकवाड़, अशोक वाधवानी, महेश, संतोष तेजवानी, चन्द्रलाल जसवाणी, सुदर्शन गुप्ता, घनश्याम यादव, श्रीमती ईश्वरी पटवा, नन्दकिशोर, रामचंद्र, श्रीमती तारा साहू, नर्मदाप्रसाद मौजूद थे।

### सिंधौरीकला में गणित एवं विज्ञान क्लब का गठन

**डांडेसरा(धमतरी)।** हायर सेकेंडरी स्कूल सिंधौरीकला में शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए मिशन फॉर लाइफ क्लब (छात्र संघ) गणित एवं विज्ञान क्लब का गठन किया गया। अध्यक्ष पद पर कक्षा 11वीं के छात्र समीर मंडावी का चयन किया गया।

## कोटेश्वर महादेव में चढ़ाया जल



हरिभूमि न्यूज ⏭कुकरेल(धमतरी)

सावन के अंतिम सोमवार को ग्राम सिरौदखुर्द की बोल बम सेवा समिति ने कोटेश्वर महादेव में जल चढ़ाया। वापस लौटने पर ग्राम सिरौदखुर्द के सभी शिव मंदिरों में जल चढ़ाया और ग्राम व क्षेत्र की सुख, शांति की कामना की। कांवर यात्रा में श्रीमती रामेश्वरी विश्वकर्मा, श्रीमती पदमा देवांगन पंच, ममता, डोमेश्वरी, पिया, सपना, डामेश्वरी शामिल रही। यह जानकारी समाज सेवक चन्द्रहास तेली, मनी ध्रुव, हरिओम साहू ने दी है।

## संभाग के 50 हजार से अधिक उपभोक्ताओं को मिलेगा हाफ बिजली बिल का लाभ

- छह महीने तक बिल की राशि बकाया होने पर हाफ छूट का लाभ स्वमेव बंद हो जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 1 अगस्त 25 से लागू किए गए आदेश के अनुसार बिजली बिल में पूर्व में दी जा रही 400 यूनिट का हाफ छूट के स्थान पर 100 यूनिट तक की खपत पर ही हाफ बिजली का लाभ दिया जाएगा। छह महीने तक बिल की राशि बकाया होने पर हाफ छूट का लाभ स्वमेव बंद हो जाएगा। धमतरी संभाग के अंतर्गत पूर्व में 95874 उपभोक्ताओं को हाफ बिजली बिल का लाभ प्राप्त होता था अब भी 50000 से अधिक उपभोक्ताओं को हाफ बिजली का लाभ प्राप्त होगा।

शासन की मंशा है कि विद्युत उपभोक्ता स्वयं विद्युत का उत्पादक बने, आत्मनिर्भर बने। इसके लिए केंद्र और राज्य सरकार की महत्वपूर्ण प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस योजना के तहत 3 किलोवाट तक अपने घर की छत पर सौर ऊर्जा कनेक्शन स्थापित करवाने पर केंद्र सरकार द्वारा 78 हजार रुपए तक तथा राज्य सरकार द्वारा 30 हजार तक इस तरह कुल 108000 सब्सिडी दिए जाने का प्रावधान है।

धमतरी संभाग के कार्यपालन अभियंता अनिल प्रसाद सोनी ने विद्युत उपभोक्ताओं से अनुरोध किया कि अपने घर की छत पर सौर पैनल की स्थापना कराएं। इस संबंध में विद्युत विभाग द्वारा लगातार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। धमतरी संभाग में उपभोक्ताओं को एक ही स्थान पर संपूर्ण जानकारी प्रदान करने के लिए धमतरी जोन कार्यालय में एकल विंडो की व्यवस्था की गई है।

## स्वास्थ्य सुविधा को सुदृढ़ करने स्वास्थ्य मंत्री से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



भाजपा पिछड़ा मोर्चा बस्तर संभाग के सहप्रभारी व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हेमराज सोनी ने धमतरी विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधा को सुदृढ़ करने व ग्रामीण क्षेत्र में डाक्टरों की स्थापना की मांग को लेकर स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल से उनके बंगले में भेंट की और स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का आग्रह किया। ज्ञापन भी सौंपा।

## विंध्यवासिनी स्कूल के छात्रों ने एसपी, सीएसपी एवं डीएसपी को रक्षासूत्र बांधा



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

रक्षाबंधन के अवसर पर कृति फाइन आर्ट इंस्टीट्यूट, मां विंध्यवासिनी स्कूल के विद्यार्थियों ने पुलिस अधीक्षक सूरजसिंह परिहार, अभिषेक चतुर्वेदी सीएसपी एवं डीएसपी मीना साहू को रक्षासूत्र बांधा। साथ ही वीर जवानों के लिए राखियां पुलिस अधीक्षक को सौंपी। पुलिस अधीक्षक ने आशीर्वाद स्वरूप सभी बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित किया। कथावाचिका भूमिका ने विद्यार्थियों को रक्षाबंधन का महत्व बताया। जानकी गुप्ता कृतिफाइन आर्ट इंस्टीट्यूट न विद्यार्थियों को ग्रेटिंग कार्ड बनाना सिखाया और वीर जवानों तक भेजने के लिए प्रेरित किया। इस आयोजन में मां विंध्यवासिनी स्कूल की प्राचार्या यशोदा सोनकर का विशेष योगदान रहा।

## तुलसीदास का जीवन आज भी हमारे लिए प्रेरणास्रोत : ओंकार



- खम्हरिया में तुलसीदास जयंती पर संगीतमय रामायण का पाठ

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम खम्हरिया में संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास की जयंती पर एक दिवसीय संगीतमय श्रीराम चरितमानस पाठ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे विधायक ओंकार साहू, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती कविता बाबर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम साहू, सरपंच श्रीमती प्रकृति जितेंद्र यादव की उपस्थिति रही।

विधायक ओंकार साहू ने श्रद्धालुजनों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम खम्हरिया की धरती आज रामभक्ति की धुनों से गूंज रही है। गोस्वामी तुलसीदास जी ने श्रीरामचरितमानस के माध्यम से समाज को भक्ति, मर्यादा और धर्म का मार्ग दिखाया। उनका जीवन और रचनाएं आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।

जिला पंचायत सदस्य श्रीमती कविता योगेश बाबर ने कहा कि तुलसीदास जी की वाणी में आत्मिक शक्ति है, जो समाज को संयम, सद्भाव और सांस्कृतिक मूल्यों की ओर अग्रसर करती है। उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने उनके समय में थे। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम साहू ने कहा कि तुलसीदास जी ने अपने साहित्य से भारतीय संस्कृति, आस्था और लोककल्याण की भावना को जीवित रखा। युवाओं को उनके विचारों से प्रेरणा लेकर समाज निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। इस अवसर पर पूरे ग्राम में भक्ति और श्रद्धा का वातावरण बना रहा।

## किसानों ने सीखे मधुमक्खी पालन के गुर



- कृषि विज्ञान केन्द्र में मधुमक्खी पालन पर दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कृषि विज्ञान केन्द्र धमतरी में मधुमक्खी पालन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम डॉ. ईश्वर सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक के मार्गदर्शन में हुआ। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. नवनीत राणा अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र चर्रा ने प्रशिक्षणर्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जिले में फसल चक्र परिवर्तन अंतर्गत दलहनी फसलों तथा फूलों की खेती करने से मधुमक्खी पालन की संभावनाएं हैं जिससे कृषक नवाचार के माध्यम से इस व्यवसाय को अपनाकर अतिरिक्त आय ले सकते है। नोडल अधिकारी डॉ. शक्ति वर्मा ने 7 दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान कृषकों को मधुमक्खी पालन की जानकारी, पालने योग्य मधुमक्खी जाति, उपकरण, मोम, पालन से शहद के अतिरिक्त परागकण, मधुमक्खी विष, प्रोपोलिश का बाजार मूल्य, मधुमक्खी पालन महत्व एवं जिले में संभावनाओं के विषय में विस्तृत जानकारी दी। डॉ. अमित कुमार सिन्हा ने शहद तथा मोम के प्रसंस्करण पर जानकारी दी। वैज्ञानिक मनीषा खापर्डे ने मछली सह मधुमक्खी पालन एवं लाभ के विषय में बताया। डॉ. दीपिका चन्द्रवंशी ने मधुमक्खी पालन हेतु उपयुक्त फूलों तथा सब्जियों की खेती के विषय में जानकारी दी। रीतिका ठाकुर ने मधुमक्खी पालन में होने वाले रोग के बारे में बताया। आशीष बंजारे प्रक्षेत्र प्रबंधक द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रक्षेत्र का भ्रमण करवाया गया।

## पीएम आवास योजना में अपात्र को लाभ देने की शिकायत



ग्राम पंचायत गंगरेल का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम पंचायत गंगरेल में अपात्र व्यक्ति को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने की शिकायत कलेक्टर से की गई है। गंगरेल पंचायत के उपसरपंच अजय मेहता, राजेंद्र कुमार, रूपसिंग, संजयकुमार, साधुराम, तेजराम निषाद, मनीराम, धर्मेंद्र साहू, पवन, रेखा आदि ने कलेक्टर को शिकायत ज्ञापन सौंपकर कहा है कि ग्राम पंचायत गंगरेल में मनीष नामक व्यक्ति के नाम से पीएम आवास योजना की स्वीकृति प्रस्तावित है। उक्त नाम का व्यक्ति वर्तमान में निवासरत नहीं है। उसे प्रधानमंत्री आवास दिया जा रहा है। कहा गया है कि उक्त व्यक्ति रोजगार सहायिका का भाई है। मनीष का नाम गांव की मतदाता सूची में है लेकिन उसका आधार, राशनकार्ड, स्थानीय निवास की जानकारी संदेहास्पद है। गाइडलाइन के तहत योजना का लाभ दिया जाना चाहिए लेकिन अपात्र लोगों को योजना की लाभार्थी सूची में शामिल करना पात्र लोगों के साथ अन्याय है।

### रोजगार सहायिका के खिलाफ शिकायत

गंगरेल के ग्रामीणों ने कलेक्टर से रोजगार सहायिका के खिलाफ शिकायत में कहा है कि रोजगार सहायिका पंचायत में ग्रामीणों के सवाल जवाब पर फांसी लगाकर मरने की धमकी देती है। पूर्व में इसकी शिकायत के बाद भी कोई संज्ञान नहीं लिया गया है। मांग की गई है कि जांच समिति गठित कर रोजगार सहायिका, पंचायत सचिव एवं पंचायत जनप्रतिनिधियों की भूमिका की निष्पक्ष जांच की जाए। अपात्र व्यक्तियों को आवास योजना से हटाकर पात्र हितग्राहियों को प्राथमिकता देने को कहा है।

## नए सदस्यों की भागीदारी से नई दिशा मिलेगी






हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

रोटरी क्लब के तत्वावधान में ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नए सदस्यों का स्वागत करना और उन्हें रोटरी की कार्यप्रणाली एवं मूल्यों से अवगत कराना था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पूर्व अध्यक्ष रोटे. दिलीपराज सोनी एवं रोटे. दिलीप मेहता थे। दोनों वरिष्ठ रोटेरियन ने रोटरी की सेवा भावना, समाज में उसकी भूमिका तथा सदस्यता की जिम्मेदारियों के विषय में सारगर्भित विचार साझा किए। कार्यक्रम का संचालन करते हुए क्लब अध्यक्ष मनीष मित्तल ने कहा कि नए सदस्यों की भागीदारी से क्लब को नई दिशा और ऊर्जा मिलेगी।

मौके पर मदनमोहन खंडेलवाल, आरके साहू, जीआर मगर, साकेत श्रीवास्तव, सतेंद्र शर्मा, डॉ. विकास अग्रवाल, अजय गोयल, अजीत खंडेलवाल, आशीष गोयल, नंदन दोशी, सुमित गुप्ता, विवेक तिग्गा, नरेश अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, अभिषेक गोयल, अभिषेक, ऋषि लुनावत, सुभाष गोयल, रीतु लुनावत, पूनम मित्तल, पायल गोयल, आराधना गुप्ता, गौरव मित्तल मौजूद थे।

## सूर्य कितना भी तेज हो किंतु हर दिन उसका अस्त होना निश्चित है : प्रशम सागर

**पार्श्वनाथ जिनालय इतवारी बाजार में जैन मुनियों का प्रवचन जारी**

**धमतरी।** पार्श्वनाथ जिनालय इतवारी बाजार धमतरी में जैन संतों का प्रवचन जारी है। प्रशम सागर महाराज साहेब ने अपने प्रवचन में कहा कि जीवन में शरीर की सुरक्षा के लिए हम डाक्टरों से घिरे रहते हैं, लेकिन कभी आत्मा की सुरक्षा का विचार नहीं आया। जीवन का कब शाम हो जाए। आत्मा रूपी पंक्षी न जाने कब उड़ जाए उसका ठिकाना नहीं। हमारे जीवन की अर्थी उठने से पहले जीवन का अर्थ समझकर उसे सार्थक करने का प्रयास करना है। हमें शरीर और आत्मा के भेद को समझकर आत्मा को परमात्मा बनाने का पुरुषार्थ कर लेना है। जीवन रेशम के धागे जैसा है, इसे जितना सुलझाने का प्रयास करते हैं ये उतना ही अधिक उलझते जाता है। सूर्य में कितना भी तेज हो किंतु हर दिन उसका अस्त होना निश्चित है। उसी प्रकार हम अपने जीवन को चाहे कितना भी साधन, सुविधा और संपत्ति से पूर्ण कर ले, किंतु एक दिन ये सब छोड़कर जाना ही पड़ेगा।

आगे कहा कि परिवर्तन का प्रयास करने वाला ही सफलता की सीढ़ी पर चढ़ सकता है। जीवन में प्रतिदिन अपने गुरु से एक नियम अवश्य लेना चाहिए। यही नियम जीवन को परिवर्तित कर सकता है। जीवन में परिवर्तन एक दिन में नहीं आता, लेकिन एक दिन जरूर आता है। जो पाप हमारा पीछा नहीं छोड़ रहा है, हमें उसके पीछे लग जाना चाहिए। निश्चित ही एक दिन उस पाप से मुक्ति प्राप्त करने में सफलता मिल जाएगी। जीवन में प्रमाद दूर करने के लिए अध्यात्म को लाना होगा। अध्यात्म को जीवन में लाने के लिए जिनवाणी का सतत श्रवण करना चाहिए। जीवन में मोक्ष की ललक पैदा करने वाला जिनवाणी है। जिनवाणी हमें जीवन निर्वाण की ओर ले जाता है। पाप एक ऐसी चीज है जो अगले भव में जाते ही पुनः प्रारंभ हो जाता है। क्योंकि हमें लगता है कि पाप के बिना जीवन व्यतीत नहीं हो सकता। जबकि परमात्मा कहते हैं कि बिना पाप के भी जीवन चल सकता है। आत्मा को शांत करने के लिए जीवन से क्रोध को दूर करने का प्रयास करना चाहिए। आत्मा की सफाई के लिए आत्मा से कषाय रूपी मैल को निकालना होगा।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,500/-
10 दिन
राजस्थान टूर
जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, पुष्कर
अजमेर, जैसलमेर, खाटू श्याम
11 सितंबर, 9 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर
राशि:-स्लीपर 17,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020